# युवाओं के लिए कोविड-19 के टीके से संबंधित सहमति को समझना

Vaccinate WA
CovidVaccineWA.org

Washington State Department of Health(वाशिंगटन राज्य स्वास्थ्य विभाग) की अनुशंसा है कि 6 महीने वर्ष और उससे ऊपर के सभी लोग वैक्सीन लगवाएं।कई प्रदाताओं को टीकाकरण के लिए 18 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए माता-पिता या अभिभावक की सहमति की आवश्यकता होती है। हालाँकि, यदि आप 18 वर्ष से कम उम्र के हैं और अपने माता-पिता से मुक्त हैं, तो आप कुछ मामलों में अपने लिए सहमति प्राप्त कर सकते हैं या अपने स्कूल के माध्यम से सहमति प्राप्त कर सकते हैं यदि आप आवास अस्थिरता का अनुभव कर रहे हैं और माता-पिता या अभिभावक के साथ नहीं। यह दस्तावेज़, राज्य के कानून के तहत अनुमत विभिन्न प्रकार की सहमति, सेवा प्रदान करने वाले प्रदाता को खोजने और आपके टीके की अपॉइंटमेंट की तैयारी करने से संबंधित जानकारी देता है।

## वयस्क, जो आपके लिए सहमति दे सकते हैं:



- माता-पिता
- अभिभावक या कानूनी संरक्षक
- किसी बच्चे के लिए बाहरी प्लेसमेंट में चिकित्सा देखभाल के लिए उसे पालने वाले माता-पिता या सहमति देने के लिए अदालत द्वारा अधिकृत कोई अन्य व्यक्ति [अध्याय 13.32A या 13.34 Revised Code of Washington RCW, वाशिंगटन की संशोधित संहिता)]
- ऐसा व्यक्ति जिसे आपकी ओर से स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के फैसले लेने के लिए हस्ताक्षर सहित अधिकृत किया गया हो
- आपके स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए ज़िम्मेदार कोई रिश्तेदार
- स्कूल नर्स, काउंसलर, या बेघर आश्रय (यदि आपको फेडरल McKinney-Vento Homeless Education Act के तहत बेघर के रूप में परिभाषित किया गया है)*

## आप अपने लिए सहमति दे सकते हैं यदि:



- **आप माता-पिता के बिना फैसला लेने का कानूनी अधिकार रखते हैं** आप 16 साल या उससे अधिक उम्र के हैं और आपने माता-पिता से मुक्ति की अर्जी दी है और वह स्वीकृत हो चुकी है।
- **आप कानूनी रूप से मुक्त नाबालिग या वयस्क के साथ शादीशुदा हैं।**
- **प्रदाता निर्धारित करता है कि आप** Mature Minor Doctrine (परिपक्व नाबालिग सिद्धांत) के तहत परिपक्व नाबालिग हैं।**

### *McKinney-Vento का उपयोग करके सहमति देने के बारे में अधिक जानकारी:

राज्य के कानून के तहत, स्कूल नर्स, स्कूल काउंसलर, और बेघर छात्र आश्रय, किसी बेघर युवा या व्यस्क युवा के टीकाकरण की सहमति देने के लिए अधिकृत हैं (जैसा कि फेडरल McKinney-Vento homeless education act – केवल अंग्रेज़ी के तहत परिभाषित किया गया है) जो माता-पिता या अभिभावक की शारीरिक अभिरक्षा में नहीं है।

**संसाधन का लिंक:** National Center for Homeless Education, *बेघर अनुभव करने वाले संगीन छात्रों की शिक्षा का समर्थन कर रहा है,* https://nche.ed.gov/wp-content/uploads/2018/10/youth.pdf - केवल अंग्रेज़ी

### **Mature Minor Doctrine के बारे में अधिक जानकारी:

कुछ प्रदाता नाबालिगों को “Mature Minor Doctrine” के तहत वैध सहमति देने की अनुमति देते हैं, यदि वे चिकित्सक प्रक्रिया के परिणामों को समझने या उनकी सराहना करने में सक्षम हैं।

यह निर्धारित करने के लिए कि क्या रोगी एक परिपक्व नाबालिग है, प्रदाता नाबालिग की उम्र, बुद्धि, परिपक्वता, प्रशिक्षण, अनुभव, वित्तीय स्वतंत्रता या उसके अभाव, एक वयस्क के रूप में सामान्य आचरण और माता-पिता के नियंत्रण से मुक्ति का आकलन करेंगे।

## प्रदाता कई अलग-अलग तरीकों से सहमति स्वीकार करते हैं।

- मौखिक सहमति (फोन पर या व्यक्तिगत रूप से)
- लिखित सहमति (एक फॉर्म)
- कुछ को लिखित और मौखिक दोनों तरीके से सहमति की आवश्यकता होती है।
- आपके लिए सहमति प्रदान करने वाले वयस्क से व्यक्तिगत सहमति।

## टीका लगवाने के सुझाव

- ◻ **Vaccine Locator (टीकाकरण का स्थान खोजने वाला) (vaccinelocator.doh.wa.gov) पर फ़िल्टरिंग विकल्पों का उपयोग करें या प्रदाता को कॉल करके जानें कि प्रदाता किस प्रकार की सहमति स्वीकार करता है।** Vaccine Locator पर युवाओं के अनुकूल फ़िल्टरिंग विकल्प, ऐसा प्रदाता खोजने में आपकी मदद करेंगे जो आपकी स्थिति के अनुसार सहायक होगा उदाहरण के लिए, यदि आपके पास कोई वयस्क है जो आपके लिए सहमति दे सकता है लेकिन आपके साथ अपॉइंटमेंट पर नहीं जा सकता है, तो ऐसा प्रदाता खोजें जो लिखित सहमति स्वीकार करता है।
- ◻ यदि आपके माता-पिता/अभिभावक ऑनलाइन फॉर्म नहीं भर सकते हैं, **तो ऐसे टीकाकरण स्थानों को खोजें जो वॉक-इन स्वीकार करते हैं या कॉल द्वारा अपॉइंटमेंट लेने का विकल्प देते हैं।** कई प्रदाता ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के लिए माता-पिता या अभिभावक को सहमति फॉर्म भरने के लिए कहते हैं।
- ◻ **अपने स्कूल से पता करें।** यदि आप आवास अस्थिरता का अनुभव कर रहे हैं, तो McKinney-Vento आपके लिए आवेदन कर सकता है। (अधिक जानकारी के लिए सामने का हिस्सा देखें) आप सहमति प्रदान करने के लिए स्कूल नर्स, स्कूल काउंसलर या बेघर छात्र संपर्क अधिकारी के साथ काम करने में सक्षम हो सकते हैं।
- ◻ **उस तरह की सहमति के लिए तैयारी करें, जो आपको प्रदान करने की आवश्यकता है:**
  - ◻ यदि आपके अपॉइंटमेंट पर किसी वयस्क को उपस्थित होने की आवश्यकता है, तो उनके साथ तालमेल बिठाएं।
  - ◻ यदि प्रदाता लिखित सहमति स्वीकार करता है, तो पता करें कि क्या आपके लिए सहमति प्रदान करने वाला व्यक्ति फॉर्म को प्रिंट करके उस पर हस्ताक्षर कर सकता है।
  - ◻ यदि आप एक मुक्त नाबालिग हैं या एक ऐसे नाबालिग हैं जिनका विवाह मुक्त नाबालिग या एक वयस्क से हुआ है, तो आपको दस्तावेज़ लाने की आवश्यकता हो सकती है।
  - ◻ यदि आप McKinney-Vento का उपयोग करके सहमति प्राप्त कर रहे हैं, और चिंतित हैं कि प्रदाता कुछ सवाल पूछ सकता है, तो आप सूचित सहमति अधिनियम की कॉपी ला सकते हैं: RCW 7.70.065 – केवल अंग्रेजी और स्कूलों के लिए विशेष भाग को हाइलाइट करें। (कानून से संबंधित लिंक: https://app.leg.wa.gov/RCW/default.aspx?cite=7.70.065 – केवल अंग्रेज़ी)। ध्यान दें: यह कोई आवश्यकता नहीं है।
  - ◻ अगर आप Mature Minor Doctrine के माध्यम से अपने लिए सहमति मांग रहे हैं, तो आपके ऐसे दस्तावेज़ और जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है, जिनके द्वारा यह साबित हो कि आप अपने माता-पिता से मुक्त हैं। यह सभी प्रदाताओं के लिए आवश्यक नहीं है, लेकिन मदद कर सकता है। कुछ प्रदाता ऑनसाइट परिपक्व नाबालिग निर्धारण नहीं करते हैं, लेकिन पिछले प्रदाताओं से परिपक्व नाबालिग निर्धारण स्वीकार करते हैं।

Washington State Department of HEALTH

DOH 825-018 July 2023 Hindi

किसी दूसरे फॉर्मेट में इस दस्तावेज़ को पाने का अनुरोध करने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बधिर या ऊंचा सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।